www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

| पद कोड (Post Code) | प्रश्न–पुस्तिका कोड (Question Booklet Code) | प्रश्न–पुस्तिका सीरीज (Question Booklet Series) |
|---|---|---|
| 38.1/39.1 | 43/77 | C |

अभ्यर्थी द्वारा भरा जाये। (भरने से पहले महत्वपूर्ण निर्देश अवश्य पढ़ें)
To be filled in by the candidate. (Read the important instructions before filling)

अनुक्रमांक (शब्दों में)
Roll Number (in words) :

अनुक्रमांक (अंकों में)
Roll Number (in figures) :

परीक्षा केन्द्र (Centre of the Examination) : प्रशिक्षण अधिकारी, शोध अधिकारी (43)

Signature of Candidate
अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

D.O.E – 19/05/2019

Signature of Invigilator
कक्ष–निरीक्षक का हस्ताक्षर

# प्रतियोगितात्मक परीक्षा (COMPETITIVE EXAMINATION)

**समय : 2 घण्टे**
**Time : 2 Hours**

**प्रश्न–पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100**
**No. of questions in Question-Booklet : 100**

**अधिकतम अंक : 100**
**Max. Marks : 100**

## अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश (Important instructions to candidates)

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरंत बाद, आप इस प्रश्न पुस्तिका की जाँच अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही प्रश्न पुस्तिका से बदल लीजिये।
Immediately after the commencement of the examination, you should that this question booklet does not have any unprinted or torned or missing page or items, etc. If so, get it replaced by a complete question booklet.

2. इस प्रश्न पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार प्रत्युत्तर दिये गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर चुन लें, जिसे आप ओ0एम0आर0 पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें, जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक ही प्रत्युत्तर चुनना है। आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिये गए ओ0एम0आर0 पत्रक पर ही अंकित करने हैं। ओ0एम0आर0 पत्रक में दिये गए निर्देश देखिये।
This question booklet contains 100 questions. All questions carry equal marks. Each question comprises four responses/answers. You will select the response which you want to mark on the OMR Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose only one response for each question. You have to mark all your responses only on the separate OMR Sheet provided. See direction in the OMR Sheet.

3. अतिरिक्त ओ0एम0आर0 पत्रक उपलब्ध नहीं कराया जायेगा। अतः इसका प्रयोग सावधानीपूर्वक करें और इसे दिये गए छिद्रक के अतिरिक्त कहीं से मोड़ें व फाड़ें नहीं।
No additional OMR Sheet will be provided. So, handle it carefully and not to fold or tear it except given perforation.

4. ओ0एम0आर0 पत्रक पर लिखने एवं वृत्त/वृत्तों को भरने हेतु **काला अथवा नीला बाल प्वाइंट पेन** का ही प्रयोग करें। **जेल पेन का प्रयोग न करें।**
**Use Black/Blue ballpoint pen** for writing and filling the circle(s) on the OMR Sheet. **Don't use the Gel Pen.**

5. अपना अनुक्रमांक शब्दों (केवल अंग्रेजी के कैपीटल अक्षरों में) तथा अंकों (अंग्रेजी के अंकों) में लिखें। अपना अनुक्रमांक ओ0एम0आर0 पत्रक एवं प्रश्न–पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर दिये गये खानों में अलग–अलग लिखें। शब्दों एवं अंकों में निम्नानुसार लिखें :
Write your Roll Number in words (English Capital letters only) and in figures (English figure). Write ytour Roll Number on the Question Booklet as well as on OMR Sheet. Each numeral is to be written in a separate block printed and darken the corresponding circle below on the OMR sheet.
**उदाहरण : जैसे अनुक्रमांक 0123456789 निम्न प्रकार लिखें।**
**Example: Roll Number 0123456789 shall be written as under :**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **शब्दों में** (In Words) | ZERO | ONE | TWO | THREE | FOUR | FIVE | SIX | SEVEN | EIGHT | NINE |
| **अंको में** (In Figures) | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

**जब तक आपको यह प्रश्न पुस्तिका खोलने को न कहा जाये, तब तक न खोलें।**
**(Do not open this question booklet until you are asked to do so)**

*अन्तिम पृष्ठ देखें।(See the last page.)*

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. Voting age for election in house of people and to the State legislature has been reduced from 21 years to 18 years by :
(A) 42nd Amendment Act
(B) 44th Amendment Act
(C) 61st Amendment Act
(D) None of the above

1. लोक सभा व विधान सभा में मतदान हेतु मतदाता आयु घटाकर 21 वर्ष से 18 वर्ष कर दी गई :
(A) 42वें संशोधन अधिनियम द्वारा
(B) 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा
(C) 61वें संशोधन अधिनियम द्वारा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. GIS stands for :
(A) Geographical Information System
(B) General Information System
(C) General Internet Software
(D) General Internet System

2. जी0आई0एस0 का पूरा नाम है :
(A) ज्योग्राफिकल इन्फारमेशन सिस्टम
(B) जनरल सूचना प्रणाली
(C) जनरल इंटरनेट सॉफ्टवेयर
(D) जनरल इंटरनेट सिस्टम

3. "Administrative law is primarily concerned not with judicial control nor even legislation by delegation but with administration." This statement is given by :
(A) Dr. Jennings
(B) Prof. Wade
(C) Prof. Holland
(D) Austin

3. यह किसका कथन है कि "प्रशासनिक विधि मुख्यतः प्रशासन से संबंधित है न कि न्यायिक नियंत्रण से और न ही प्रत्यायोजित विधान से।"
(A) डॉ0 जेनिंग्स
(B) प्रोफेसर वेड
(C) प्रोफेसर हॉलैण्ड
(D) ऑस्टिन

4. In which case, Supreme Court declared the Section 303 of IPC, i.e. Punishment for murder by life convict as unconstitutional ?
(A) Mithu Singh Vs. State of Punjab
(B) Bachchan Singh Vs. State of Punjab
(C) Golaknath Vs. State of Punjab
(D) None of the above

4. किस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा भा0दं0सं0 की धारा 303 यानि कि हत्या को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास को असंवैधानिक घोषित किया ?
(A) मिट्ठू सिंह बनाम पंजाब राज्य
(B) बच्चन सिंह बनाम पंजाब राज्य
(C) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. Which was the first english case on doctrine of frustration ?
(A) Krail Vs. Henery
(B) Tailor Vs. Coldwell
(C) Cricklewood property Vs. Lentus Investment Trust
(D) Peredine Vs. Jean

5. नैराश्य के सिद्धांत पर आधारित प्रथम अंग्रेजी वाद कौन–सा है ?
(A) क्रेल बनाम हेनरी
(B) टेलर बनाम कोल्डवैल
(C) क्रिकलवुड प्रापर्टी बनाम लैन्टस इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट
(D) पैराडाईन बनाम जीन

6. Member of the International Law Commission is :
(A) Appointed by International Court of Justice
(B) Appointed by his State
(C) Elected by the General Assembly
(D) Appointed by the UN Secretary General

6. अंतर्राष्ट्रीय विधि आयोग का सदस्य :
(A) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा नियुक्त किया जाता है
(B) अपने राज्य द्वारा नियुक्त किया जाता है
(C) महासभा द्वारा नियुक्त किया जाता है
(D) संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा नियुक्त किया जाता है

7. Who has characterized the Indian Constitution as cooperative federation ?
(A) K.C. Wheare
(B) Schwartz
(C) Wade and Phillips
(D) Glenwill Austin

7. भारतीय संविधान को "सहकारी संघ" किसके द्वारा संज्ञा दी गई ?
(A) के0सी0 व्हीअर
(B) श्वोर्टज
(C) वेड और फिलीप्स
(D) ग्लेनविल ऑस्टिन

Prepp
Your Personal Exams Guide

8. Who wrote the book 'De Jure Belli ac Pacis, Libri iii' ?
(A) Jermy Bentham
(B) Grotious
(C) Pufendorf
(D) Bynkershoek

9. In which case the International Court of Justice clarified the law relating to asylum ?
(A) Colmbia Vs. Peru ICJ Reports 1950
(B) Barcelona Traction case ICJ Report 1970
(C) Nikaagua Vs. US ICJ Report 1984
(D) Democratic Republic of Congo 2002

10. Which is not the official language of the United Nations ?
(A) Russian
(B) Japanese
(C) Spanish
(D) Arabic

11. No Court shall take cognizance of an offence punishable under Section 498-A of the IPC except upon :
(A) A police report
(B) A complaint by aggrieved person
(C) A complaint by any blood relative
(D) All of the above

12. In which case, Supreme Court prohibited smoking on public place ?
(A) Lata Singh Vs. State of U.P.
(B) Murli S. Deora Vs. Union of India
(C) Javed Vs. State of Haryana
(D) N. Nagrajan Vs. Union of India

13. Pleadings must be signed by :
(A) The party only
(B) The pleader only
(C) The party and successor of party
(D) The pleader and the party

14. "Administrative Law is the law concerning the powers and procedures of administrative agencies, including especially the law governing judicial review of administrative action" Who said this :
(A) Ivor Jenning
(B) Garner
(C) K.C. Davis
(D) Wade

8. 'डी–ज्यूरे बेली एक पेसिज, लिबरी–iii' पुस्तक किसे द्वारा लिखी गई ?
(A) जर्मी बेन्थम
(B) ग्रोशियस
(C) प्यूफेनडॉर्फ
(D) ब्यांकरशेएक

9. किस मामले में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने शरण से संबंधित कानून को स्पष्ट किया ?
(A) कोलम्बिया बनाम पेरु आई.सी.जे. रिपोर्ट्स 1950
(B) बार्सिलोना ट्रैक्शन मामला आई.सी.जे. रिपोर्ट्स 1970
(C) निकारागुआ बनाम यू.एस., आई.सी.जे. रिपोर्ट्स 1984
(D) कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, 2002

10. इनमें से कौन सी संयुक्त राष्ट्र की कार्यालयी भाषा नहीं है?
(A) रसियन
(B) जापानी
(C) स्पैनिश
(D) अरबी

11. धारा 498–ए आई0पी0सी0 के अंतर्गत वर्णित अपराध का किसी भी न्यायालय द्वारा संज्ञान नहीं लिया जायेगा, सिवाय :
(A) पुलिस रिपोर्ट के आधार पर
(B) पीड़ित पक्ष द्वारा शिकायत किये जाने पर
(C) रक्त सम्बन्धी द्वारा शिकायत किये जाने पर
(D) उपर्युक्त सभी

12. उच्चतम न्यायालय द्वारा किस वाद में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को प्रतिबंधित किया गया ?
(A) लता सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(B) मुरली एस0 देवड़ा बनाम भारत संघ
(C) जावेद बनाम हरियाणा राज्य
(D) एन0 नागराजन बनाम भारत संघ

13. अभिवचन अवश्य हस्ताक्षरित होना चाहिए :
(A) केवल पक्षकार द्वारा
(B) केवल अधिवक्ता द्वारा
(C) पक्षकार व उसके उत्तराधिकारी द्वारा
(D) अधिवक्ता व पक्षकार दोनों द्वारा

14. "प्रशासनिक विधि प्रशासनिक संस्थाओं की शक्तियों तथा प्रक्रियाओं खास तौर पर प्रशासनिक कार्यों के न्यायिक निरीक्षण सम्बन्धी विधि है।" प्रशासनिक विधि की यह परिभाषा किसने दी है ?
(A) आइवर जेनिंग
(B) गार्नर
(C) के0सी0 डेविस
(D) वेड

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. Which Section of the Cr.P.C. provides rights of arrested person to meet an advocate of his choice during interrogation ?
(A) Section 41-A
(B) Section 41-B
(C) Section 41-C
(D) Section 41-D

15. दण्ड प्रक्रिया संहिता की कौन सी धारा गिरफ्तार व्यक्ति को पूछताछ किये जाने के समय अपनी पसंद के वकील से मिलने का प्रावधान देती है ?
(A) धारा 41–क
(B) धारा 41–ख
(C) धारा 41–ग
(D) धारा 41–घ

16. Limitation period to file an appeal against decree of divorce is :
(A) 30 days
(B) 60 days
(C) 90 days
(D) 1 year

16. विवाह–विच्छेद की डिक्री के विरुद्ध अपील संस्थित करने की परिसीमा अवधि है :
(A) 30 दिन
(B) 60 दिन
(C) 90 दिन
(D) 1 वर्ष

17. The book "The Law of Torts" is written by :
(A) Winfield
(B) Austin
(C) John Salmand
(D) Frazer

17. "द लॉ ऑफ टोर्ट्स" (अपकृत्यों की विधि) पुस्तक के लेखक हैं :
(A) विनफील्ड
(B) ऑस्टिन
(C) जॉन सामण्ड
(D) फ्रेजर

18. "The Last Opportunity Rule" was propounded in which english case ?
(A) Butterfield Vs. Farester
(B) Ryland Vs. Fletecher
(C) Curie Vs. Meesa
(D) Davis Vs. Mann

18. "अंतिम अवसर का सिद्धान्त" किस अंग्रेजी वाद में प्रतिपादित किया गया ?
(A) बटरफील्ड बनाम फॉरेस्टर
(B) रायलैण्ड बनाम फ्लेचर
(C) क्यूरी बनाम मीसा
(D) डेविस बनाम मान

19. Pecuniary jurisdiction of the Court has been dealt with in :
(A) Section 6 of C.P.C.
(B) Section 5 of C.P.C.
(C) Section 4 of C.P.C.
(D) Section 91 of C.P.C.

19. न्यायालय के धन सम्बंधी क्षेत्राधिकार की चर्चा की गयी है :
(A) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 6 के अंतर्गत
(B) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 5 के अंतर्गत
(C) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 4 के अंतर्गत
(D) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 91 के अंतर्गत

20. Article 21-A has been inserted by which Amendment Act of the Constitution ?
(A) 83rd Constitution Amendment Act
(B) 84th Constitution Amendment Act
(C) 86th Constitution Amendment Act
(D) None of the above

20. अनुच्छेद 21–ए को संविधान के किस संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ा गया है ?
(A) 83वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा
(B) 84वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा
(C) 86वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. Under which Article of the Constitution of India, the doctrine of pleasure has been incorporated ?
(A) Article 309
(B) Article 310
(C) Article 311
(D) Article 312

21. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में प्रासाद का सिद्धांत अपनाया गया है ?
(A) अनुच्छेद 309
(B) अनुच्छेद 310
(C) अनुच्छेद 311
(D) अनुच्छेद 312

22. In which of the following grounds, a writ of certiorari may be issued ?
(A) Error of jurisdiction
(B) Error apparent on the face of record
(C) Violation of natural justice
(D) All of the above

22. निम्न में से किस आधार/किन आधारों पर उत्प्रेषण रिट जारी की जा सकती है :
(A) अधिकारिता की त्रुटि
(B) अभिलेख में प्रकट त्रुटि
(C) प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन
(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. Which Article of the Constitution of India provides that the law declared by the Supreme Court of India shall be binding on all Courts within the territory of India ?
(A) Article 141
(B) Article 139-A
(C) Article 138
(D) Article 142

24. Criminal Law (Amendment) Act, 2013, came into force on :
(A) 3 February 2013
(B) 1 April 2013
(C) 1 January 2014
(D) 31 March 2013

25. Who may apply for reference under Section 113 of the CPC 1908 ?
(A) A party to suit
(B) Court
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

26. Which offence is constituted under Section 366-A of Indian Penal Code ?
(A) Abduction
(B) Kidnapping
(C) Kidnapping for begging
(D) Procuration of minor girl

27. On which of the following ground writ of certiorari cannot be issued ?
(A) Arouse of jurisdiction
(B) Exercise of jurisdiction
(C) Violation of principles of natural justice
(D) Error of law apparent on the face of the record

28. Who said – "International Law is the vanishing point of jurisprudence" ?
(A) Austin
(B) Holland
(C) Starke
(D) Bentham

29. "Federalism is the basic structure of the Constitution" was held in :
(A) In Re Kerala Education Bill AIR 1958 SC 956
(B) S.R. Bommai v/s Union of India (1994) 3 SCC 1
(C) In Re Berubari Union AIR 1960 SC 845
(D) Keshwanand Bharti Case AIR 1973 SC 1461

23. भारत के संविधान का कौन–सा अनुच्छेद उपबंध करता है कि भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा घोषित विधि भारत के क्षेत्र के भीतर के सभी न्यायालयों पर आबद्धकर होगी ?
(A) अनुच्छेद 141
(B) अनुच्छेद 139–ए
(C) अनुच्छेद 138
(D) अनुच्छेद 142

24. दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम 2013 प्रभावी है :
(A) 3 फरवरी 2013 से
(B) 1 अप्रैल 2013 से
(C) 1 जनवरी 2014 से
(D) 31 मार्च 2013 से

25. धारा 113 सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के अधीन निर्देश के लिए कौन आवेदन कर सकता है ?
(A) मामले का पक्षकार
(B) न्यायालय
(C) दोनों (A) एवं (B)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 366–क में किस अपराध का उल्लेख है ?
(A) अपहरण
(B) व्यपहरण
(C) भीख माँगने के लिए व्यपहरण
(D) अप्राप्तवय लड़की का उपापन

27. निम्नलिखित में से किस आधार पर उत्प्रेषण रिट जारी नहीं किया जा सकती है ?
(A) अधिकारिता का दुरुपयोग
(B) अधिकारिता का उपयोग
(C) नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों की अवज्ञा
(D) दस्तावेज के सम्मुख प्रकट विधि की त्रुटि

28. किसने कहा – "अन्तर्राष्ट्रीय विधि, विधि शास्त्र का लुप्तप्राय बिन्दु है।" ?
(A) ऑस्टिन
(B) हॉलैण्ड
(C) स्टार्क
(D) बेंथम

29. किस वाद में अवधारित किया गया कि "संघवाद संविधान का आधारभूत ढाँचा है।"
(A) इन रि केरल एजुकेशन बिल AIR 1958 SC 956
(B) एस0आर0 बोम्मई बनाम भारत संघ (1994) 3 SCC 1
(C) इन रि बेरूबारी यूनियन AIR 1960 SC 845
(D) केशवानन्द भारती मामला AIR 1973 SC 1461

30. Which one of the following is not an essential element of the concept of "Rule of Law" as given by the Professor Dicey ?
(A) Absence of arbitrary power
(B) Equality before law
(C) Freedom of speech
(D) The constitution is the result of the ordinary law of the land

30. निम्न में से कौन–सा प्रो0 डायसी द्वारा दिये गये 'विधि के शासन' की संकल्पना का आवश्यक तत्व नहीं है ?
(A) मनमानी शक्ति का अभाव
(B) विधि के समक्ष समानता
(C) वाक की स्वतंत्रता
(D) संविधान मातृभूमि के साधारण विधियों का परिणाम है

31. Which of the following Article of the Indian Constitution empowers the Parliament to form new States, change in the area of present States, change in the territories and name of the States ?
(A) Article 5
(B) Article 11
(C) Article 13
(D) Article 3

31. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का कौन–सा अनुच्छेद संसद को नये राज्यों के निर्माण, वर्तमान राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं और नामों को बदलने की शक्ति देता है ?
(A) अनुच्छेद 5
(B) अनुच्छेद 11
(C) अनुच्छेद 13
(D) अनुच्छेद 3

32. Proceedings under Section 145 of the code of criminal procedure are initiated by the Executive Magistrate on the report of which of the following ?
(A) Judicial Magistrate
(B) Police Officer
(C) Land Record Officer
(D) Complainant

32. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 के अंतर्गत कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा कार्यवाही निम्न में से किसकी रिपोर्ट पर प्रारम्भ की जाती है ?
(A) न्यायिक मजिस्ट्रेट
(B) पुलिस अधिकारी
(C) भू–लेख अधिकारी
(D) शिकायतकर्ता

33. Which one of the following Articles provides for the removal or suspension of member of Public Service Commission ?
(A) Article 316
(B) Article 317
(C) Article 350
(D) Article 351

33. निम्न में से कौन–सा अनुच्छेद लोक सेवा आयोग के सदस्यों के निष्कासन एवं निलंबन का प्रावधान करता है?
(A) अनुच्छेद 316
(B) अनुच्छेद 317
(C) अनुच्छेद 350
(D) अनुच्छेद 351

34. Under which of the following Article of the Constitution, constitutional safeguard has been provided to public servants ?
(A) Article 251
(B) Article 309
(C) Article 311
(D) Article 312

34. निम्नलिखित में से संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा लोक सेवकों को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान की गई है ?
(A) अनुच्छेद 251
(B) अनुच्छेद 309
(C) अनुच्छेद 311
(D) अनुच्छेद 312

35. Which of the following case is related with the 'Act of God' ?
(A) Nicholas Vs Marshland
(B) Hall Vs Brookland Auto Racing Club
(C) Buron Vs Denman
(D) Metropolitan Asylam Board Vs Hills

35. निम्न में से कौन–सा वाद 'दैवी कृत्य' से संबंधित है ?
(A) निकोलस बनाम मार्शलैण्ड
(B) हॉल बनाम ब्रूकलैण्ड ऑटो रेसिंग क्लब
(C) बूरॉन बनाम डेनमैन
(D) मेट्रोपोलिटन एसाइलम बोर्ड बनाम हिल्स

36. Which of the following is not a known and legally valid form of punishment under Section 53 of IPC ?
(A) Death
(B) Imprisonment for Life
(C) Transportation
(D) Forfeiture of Property

36. निम्नलिखित में से कौन–सा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 53 के अंतर्गत दण्ड का अप्रचलित एवं अवैधानिक तरीका है ?
(A) मृत्यु
(B) आजीवन कारावास
(C) देश निकाला
(D) सम्पत्ति का समपहरण

prepp
Your Personal Exams Guide

37. Judges for International Court of Justice are elected for a term of :
(A) 9 years
(B) 10 years
(C) 15 years
(D) 20 years

37. न्याय के अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों का चुनाव इस कार्य अवधि के लिये होता है :
(A) 9 वर्ष
(B) 10 वर्ष
(C) 15 वर्ष
(D) 20 वर्ष

38. Under which Article of the Charter of the United Nations-1945, the General Assembly may establish such subsidiary organs as it deems necessary for the performance of its functions ?
(A) Article 20
(B) Article 21
(C) Article 24
(D) Article 22

38. संयुक्त राष्ट्र के चार्टर–1945 के किस अनुच्छेद के अंतर्गत महासभा अपने कृत्यों के निष्पादन के लिए ऐसे सहायक अंगों की स्थापना कर सकती है जिसे वह आवश्यक समझती है ?
(A) अनुच्छेद 20
(B) अनुच्छेद 21
(C) अनुच्छेद 24
(D) अनुच्छेद 22

39. Ad hoc judges of the Supreme Court of India may be appointed under which Article of the Indian Constitution ?
(A) Article 124
(B) Article 126
(C) Article 127
(D) Article 128

39. सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में की जा सकती है ?
(A) अनुच्छेद 124
(B) अनुच्छेद 126
(C) अनुच्छेद 127
(D) अनुच्छेद 128

40. Administrative law is the part of :
(A) Private law
(B) Customary law
(C) International law
(D) Public law

40. प्रशासनिक विधि भाग है :
(A) व्यक्तिक विधि
(B) प्रथागत विधि
(C) अंतर्राष्ट्रीय विधि
(D) लोक विधि

41. 'The limits of jurisprudence defined' was published in 1945 A.D.. It was written in 1782 A.D. by :
(A) Bentham
(B) Blackstone
(C) Hobbes
(D) Locke

41. 'दि लिमिट्स ऑफ जूरिसप्रुडेंस डिफाइंड' का प्रकाशन सन् 1945 ई0 में किया गया। इसे सन् 1782 ई0 में लिखा था :
(A) बेंथम ने
(B) ब्लैकस्टोन ने
(C) हॉब्स ने
(D) लॉक ने

42. A state is admitted to the membership of the United Nations by :
(A) The Security Council only
(B) The General Assembly after approval from the Security Council
(C) The General Assembly only
(D) United Nations Secretariat

42. किसी राज्य को संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता प्रदान की जाती है :
(A) केवल सुरक्षा परिषद् द्वारा
(B) सुरक्षा परिषद् मे अनुमोदन के उपरांत महासभा द्वारा
(C) केवल महासभा द्वारा
(D) संयुक्त राष्ट्र सचिवालय द्वारा

43. Doctrine of 'Stare decisis' has been recognized in the constitution of India, under:
(A) Article 225
(B) Article 141
(C) Article 142
(D) Article 32

43. 'निर्णयानुसरण' का सिद्धांत, भारतीय संविधान में स्वीकारा गया है :
(A) अनुच्छेद 225 के अंतर्गत
(B) अनुच्छेद 141 के अंतर्गत
(C) अनुच्छेद 142 के अंतर्गत
(D) अनुच्छेद 32 के अंतर्गत

44. Who said that, customs are superior to the legislation. Therefore legislations should not abrogate the customs rather synthesize them with the common consciousness of the people and society ?
(A) Henry Maine
(B) H.L.A. Hart
(C) Savingny
(D) Hans Kelson

44. निम्नलिखित में से किसका कथन है कि – प्रथायें, विधायन से बेहतर होती हैं। इसलिए विधायन द्वारा परंपराओं का निरसन नहीं किया जाना चाहिए बल्कि उन्हें समाज और लोगों की सामान्य जागरूकता में शामिल करना चाहिए :
(A) हेनरी मेन
(B) एच0एल0ए0 हार्ट
(C) सेविग्नी
(D) हैन्स केल्सन

45. Inducing a person with dishonest intention to part with his property by putting him in fear to physical injury amount to an offence of :
(A) Theft
(B) Criminal misappropriation
(C) Criminal intimidation
(D) Extortion

45. किसी व्यक्ति को शारीरिक क्षति के भय में डालकर बेईमानी के आशय से अपनी सम्पत्ति देने के लिये उत्प्रेरित करना अपराध है :
(A) चोरी का
(B) आपराधिक दुर्विनियोजन का
(C) आपराधिक अभित्रास का
(D) उद्दापन का

46. The Indian Contract Act, 1872 was enforced on :
(A) 1st September, 1872
(B) 2nd September, 1872
(C) 25th April, 1872
(D) 26th April, 1872

46. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 को लागू किया गया :
(A) 1 सितम्बर, 1872
(B) 2 सितम्बर, 1872
(C) 25 अप्रैल, 1872
(D) 26 अप्रैल, 1872

47. Who has given the principle of 'social solidarity' ?
(A) Henry Maine
(B) Hegal
(C) Duguit
(D) Kant

47. किसने सामाजिक समेकता का सिद्धांत दिया है ?
(A) हेनरी मेन
(B) हीगल
(C) ड्यूगिट
(D) कॉन्ट

48. The heading of Article 39-A, inserted by the Constitution (Forty Second Amendment) Act, 1976 reads as follows :
(A) Equal justice and equal opportunities
(B) Equal opportunities for securing justice and free legal aid
(C) Free legal aid and equal justice
(D) Equal justice and free legal aid

48. भारतीय संविधान (बयालीसवाँ संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा अनुच्छेद 39–ए का संशोधित शीर्षक है :
(A) समान न्याय एवं समान अवसर
(B) निःशुल्क विधिक सहायता एवं समान न्याय हेतु समान अवसर
(C) निःशुल्क विधिक सहायता एवं समान न्याय
(D) समान न्याय एवं निःशुल्क विधिक सहायता

49. A defendant under Order 5, Rule 1(1) of CPC is required to appear answer and file written statement within :
(A) 90 days from the date of service of summons
(B) 60 days from the date of service of summons
(C) 30 days from the date of service of summons
(D) 15 days from the date of service of summons

49. एक प्रतिवादी से दीवानी प्रक्रिया संहिता के आदेश 5, नियम 1(1) के अंतर्गत अपेक्षा की जाती है कि वह उपस्थित होकर उत्तर दे, और जवाब दावा पेश करे :
(A) समन प्राप्ति की तारीख से 90 दिन के अंदर
(B) समन प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के अंदर
(C) समन प्राप्ति की तारीख से 30 दिन के अंदर
(D) समन प्राप्ति की तारीख से 15 दिन के अंदर

50. Central Chief Information Commissioner (CIC) is appointed by :
(A) President
(B) Vice President
(C) Prime Minister
(D) Home Minister

50. केन्द्रीय मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति करता है :
(A) राष्ट्रपति
(B) उप–राष्ट्रपति
(C) प्रधानमंत्री
(D) गृह मंत्री

prepp
Your Personal Exams Guide

51. The book 'The Law of Possession' has been written by :
(A) Savigny
(B) John Austin
(C) Blackstone
(D) Salmond

52. The term 'public documents' has been defined under which Section of the Indian Evidence Act, 1872 ?
(A) Section 64
(B) Section 84
(C) Section 74
(D) Section 94

53. A proposal may be revoked at any time :
(A) Before the communication of its acceptance
(B) Before the rejection of its communication
(C) Both (A) & (B)
(D) None of the above

54. Who describe Jurisprudence as lawyer's extroversion ?
(A) Savigny
(B) Salmond
(C) Buckland
(D) Julius Stone

55. Evidence regarding affairs of State may not be given according to which of the following sections of the Indian Evidence Act, 1872 ?
(A) Section 126
(B) Section 121
(C) Section 123
(D) Section 124

56. 'Law is not made but formed' is the concept of which school ?
(A) Natural School
(B) Analytical School
(C) Sociological School
(D) Historical School

57. Who said "Marriage among Mohammedans is not a sacrament but purely a civil contract." ?
(A) Justice Mahmood
(B) Justice Sulaiman
(C) Justice Mittar
(D) Justice Hidayatullah

58. The concept of Indian Lokpal has been adopted from :
(A) Britain
(B) France
(C) America
(D) Sweden

51. पुस्तक 'लॉ ऑफ पजेशन' के लेखक हैं :
(A) सेविनी
(B) जॉन ऑस्टिन
(C) ब्लैकस्टोन
(D) सामण्ड

52. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन 'लोक दस्तावेजों' की परिभाषा किस धारा में दी गयी है ?
(A) धारा 64
(B) धारा 84
(C) धारा 74
(D) धारा 94

53. प्रस्ताव का प्रतिसंहण किसी भी समय किया जा सकता है :
(A) इसकी स्वीकृति की संसूचना से पूर्व
(B) इसकी संसूचना के अस्वीकार होने से पूर्व
(C) दोनों (A) एवं (B)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. किसने विधिशास्त्र को विधिवेत्ताओं की बाह्य दर्शिता कहा है ?
(A) सैविनी
(B) सामण्ड
(C) बकलैण्ड
(D) जूलियस स्टोन

55. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की निम्न में से किस धारा के अनुसार राज्य के कार्यकलापों के बारे में साक्ष्य नहीं दिया जा सकता है ?
(A) धारा 126
(B) धारा 121
(C) धारा 123
(D) धारा 124

56. "विधि को निर्मित नहीं किया जाता बल्कि गठन किया जाता है" यह संकल्पना किस स्कूल की है ?
(A) प्राकृतिक स्कूल
(B) विश्लेषणात्मक स्कूल
(C) समाजशास्त्रीय स्कूल
(D) ऐतिहासिक स्कूल

57. किसने कहा "मुस्लिमों से विवाह शुद्ध रूप से एक संविदा है, यह कोई संस्कार नहीं है।" ?
(A) न्यायाधीश महमूद
(B) न्यायाधीश सुलेमान
(C) न्यायाधीश मित्तर
(D) न्यायाधीश हिदायतुल्लाह

58. भारतीय लोकपाल की अवधारणा ली गयी :
(A) ब्रिटेन
(B) फ्रांस
(C) अमेरिका
(D) स्वीडन

59. Hindu Code was drafted by the :
(A) Rau Committee
(B) Verma Committee
(C) Kelkar Committee
(D) None of the above

59. हिन्दू संहिता का प्रारूप किसके द्वारा तैयार किया गया?
(A) राव समिति
(B) वर्मा समिति
(C) केलकर समिति
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

60. Which of the following section of the specific relief and deals with recovery of specific movable property ?
(A) Section 5
(B) Section 7
(C) Section 8
(D) Section 9

60. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की निम्न में से कौन सी धारा विनिर्दिष्ट संगम सम्पत्ति के प्रत्युहरण की चर्चा करती है ?
(A) धारा 5
(B) धारा 7
(C) धारा 8
(D) धारा 9

61. The concept of 'droit adminisitratif' was first developed in :
(A) India
(B) Germany
(C) England
(D) France

61. सर्वप्रथम 'ड्रायट एडमिनिस्ट्रेटिफ' की अवधारणा कहाँ विकसित हुई ?
(A) भारत
(B) जर्मनी
(C) इंग्लैण्ड
(D) फ्रांस

62. Which section of CPC deals with the settlement of the dispute outside the court ?
(A) Section 87-A
(B) Section 89
(C) Section 90
(D) Section 75

62. सिविल प्रक्रिया संहिता की कौन–सी धारा न्यायालय के बाहर विवादों के निपटारे की बात करती है ?
(A) धारा 87–ए
(B) धारा 89
(C) धारा 90
(D) धारा 75

63. "The constitution does not express the existence of the separation of powers and the doctrine does not form an essential basis or foundation stone of the constitutional framework as it does in U.S.A." Above statement has been given by the Hon'ble Supreme Court in the case of :
(A) Ram Krishna Dalmia Vs Justice Tendolar (1959 SCR 229)
(B) Ram Jawaya Vs State of Punjab (AIR 1955 SC 549)
(C) Chandra Mohan Vs State of U.P. (AIR 1966 SC 1857)
(D) Keshvananda Bharti Vs State of Punjab (AIR 1973 SC 1461)

63. "भारतीय संविधान, शक्ति–पृथक्करण के सिद्धांत के अस्तित्व को अमेरिका के संविधान की तरह नहीं करता है और न इसे अमेरिकी संविधान की भाँति इसे आधारभूत संरचना का भाग या नींव का पत्थर मानता है। यह कथन माननीय सुप्रीम कोर्ट ने निम्न वाद में दिया :
(A) राम कृष्ण डालमिया बनाम जस्टिस तेंदोलकर (1959 SCR 229)
(B) राम जवाया बनाम पंजाब राज्य (AIR 1955 SC 549)
(C) चन्द्रा मोहन बनाम उ0प्र0 राज्य (AIR 1966 SC 1857)
(D) केशवानन्द भारती बनाम पंजाब राज्य (AIR 1973 SC 1461)

64. Analysis of right into four Jural Correlation was done by :
(A) Roscoe Pound
(B) Radin
(C) Hohfield
(D) Kokourck

64. अधिकार का चार विधिक सहवर्ती के रूप में विश्लेषण किया गया था :
(A) रास्को पाउण्ड द्वारा
(B) राडिन द्वारा
(C) होह्फेल्ड द्वारा
(D) कोकोउरक द्वारा

65. 'No woman shall be arrested after sunset and before sunrise, the provision is made under Section :
(A) Section 46(1)
(B) Section 46(4)
(C) Section 43(2)
(D) Section 46(3)

65. किसी भी महिला को सूर्यास्त के पश्चात और सूर्योदय के पूर्व गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा। यह प्रावधान है
(A) धारा 46(1)
(B) धारा 46(4)
(C) धारा 43(2)
(D) धारा 46(3)

66. Doctrine of 'audi alteram partem' has been recognized under :
(A) Article 311 Clause 1
(B) Article 311 Clause 2
(C) Article 311 Clause 3
(D) Article 310 Clause 2

66. 'दूसरे पक्ष को भी सुनो' का सिद्धांत स्वीकारा गया है :
(A) अनुच्छेद 311(1) के अंतर्गत
(B) अनुच्छेद 311(2) के अंतर्गत
(C) अनुच्छेद 311(3) के अंतर्गत
(D) अनुच्छेद 310(2) के अंतर्गत

67. Which of the following Section of the Specific Relief Act, 1963 deals with Temporary and Perpetual injunctions ?
(A) Section 34
(B) Section 35
(C) Section 36
(D) Section 37

67. विर्निदिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963, को निम्न में से कौन–सी धारा अस्थायी एवं शाश्वत आदेश का प्रावधान करती है ?
(A) धारा 34
(B) धारा 35
(C) धारा 36
(D) धारा 37

68. Security for keeping the peace on conviction shall not exceeding :
(A) One year
(B) Two years
(C) Three years
(D) Four years

68. दोषसिद्धि पर शांति बनाए रखने हेतु प्रतिभूति की समय सीमा है :
(A) एक वर्ष से अनधिक
(B) दो वर्ष से अनधिक
(C) तीन वर्ष से अनधिक
(D) चार वर्ष से अनधिक

69. In case of general offer, there is no need to communicate the acceptance is not required by the proposer. This has been decided in :
(A) Carlil Vs. Carbolic Smoke Ball Co.
(B) Bhagwan Das Vs. Girdhari Lal
(C) Lalman Shukla Vs. Gauridutta
(D) Ramji Dayawala Vs. Invest Import

69. सामान्य प्रस्ताव के सम्बन्ध में, यदि प्रस्तावक द्वारा अपेक्षा नहीं की गई, तब स्वीकृति की संसूचना आवश्यक नहीं है। यह निर्धारित किया गया :
(A) कार्लिल बनाम कार्बोलिक स्मोक बाल कम्पनी
(B) भगवान दास बनाम गिरधारी लाल
(C) लालमन शुक्ला बनाम गौरीदत्त
(D) रामजी दायावाला बनाम इनवेस्ट इम्पोर्ट

70. Offences relating to or by Public Servants have been given in Indian Penal Code :
(A) Chapter IX
(B) Chapter IX-A
(C) Chapter X
(D) None of the above

70. 'लोक सेवकों द्वारा या से सम्बन्धित' अपराध, दिये गये हैं भारतीय दण्ड संहिता के :
(A) अध्याय 9 में
(B) अध्याय 9–क में
(C) अध्याय 10 में
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. Which Article of the Constitution defines the privileges of the two Houses of Parliament ?
(A) Article 111
(B) Article 108
(C) Article 105
(D) None of the above

71. संविधान का कौन–सा अनुच्छेद संसद के दोनों सदनों के विशेषाधिकारों को परिभाषित करता है ?
(A) अनुच्छेद 111
(B) अनुच्छेद 108
(C) अनुच्छेद 105
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. The Code of Criminal Procedure, came into force on :
(A) 1st April, 1974A.D.
(B) 1st April, 1973 A.D.
(C) 1st July, 1974 A.D.
(D) 1st July, 1973 A.D.

72. दण्ड प्रक्रिया संहिता को लागू किया गया :
(A) 1 अप्रैल, 1974 ई0 को
(B) 1 अप्रैल, 1973 ई0 को
(C) 1 जुलाई, 1974 ई0 को
(D) 1 जुलाई, 1973 ई0 को

73. The Draft of Indian Evidence Act 1872 was prepared by :
(A) Lord Macaulay
(B) Sir James F. Stephen
(C) Huxley
(D) Sir Henery Maine

73. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का प्रारूप किसके द्वारा तैयार किया गया ?
(A) लार्ड मैकाले
(B) सर जेम्स एफ0 स्टीफेन
(C) हक्सले
(D) सर हेनरी मेन

74. Which Articles of the Constitution provides an effective machinery of the enforcement of fundamental rights ?
(A) Article 12 and 13
(B) Article 17 and 18
(C) Article 32 and 226
(D) Article 11 and 21

74. संविधान के कौन से अनुच्छेद मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए एक प्रभावी ढांचा प्रदान करते हैं ?
(A) अनुच्छेद 12 और 13
(B) अनुच्छेद 17 और 18
(C) अनुच्छेद 32 और 226
(D) अनुच्छेद 11 और 21

75. An ex-parte decree can be set aside under :
(A) Order 9, Rule 5 of CPC
(B) Order 9, Rule 10 of CPC
(C) Order 9, Rule 11 of CPC
(D) Order 9, Rule 13 of CPC

75. एक, 'एक–पक्षीय डिक्री' को अपास्त किया जा सकता है :
(A) सी0पी0सी0 के आदेश 9, नियम 5 के अंतर्गत
(B) सी0पी0सी0 के आदेश 9, नियम 10 के अंतर्गत
(C) सी0पी0सी0 के आदेश 9, नियम 11 के अंतर्गत
(D) सी0पी0सी0 के आदेश 9, नियम 13 के अंतर्गत

76. Legitimacy of child born during valid marriage is presumed under which provision of Indian Evidence Act ?
(A) Section 115
(B) Section 116
(C) Section 112
(D) Section 113A

76. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के किस प्रावधान के अंतर्गत वैध विवाह के दौरान उत्पन्न बच्चे की वैधता को उपधारित किया गया है ?
(A) धारा 115
(B) धारा 116
(C) धारा 112
(D) धारा 113ए

77. Punishment for an offence of criminal conspiracy is in :
(A) Section 120A
(B) Section 120B
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

77. आपराधिक षड़यंत्र के अपराध के लिए सजा है :
(A) धारा 120ए में
(B) धारा 120बी में
(C) दोनों (A) एवं (B)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. Ancillary powers of Supreme Court are provided under :
(A) Article 139
(B) Article 140
(C) Article 141
(D) Article 144

78. उच्चतम न्यायालय की अनुषांगिक शक्तियाँ निहित हैं :
(A) अनुच्छेद 139 में
(B) अनुच्छेद 140 में
(C) अनुच्छेद 141 में
(D) अनुच्छेद 144 में

79. The Wagon Mound Case (1961) SC 388 is related to :
(A) Test of reasonable foresee ability
(B) Test of direct consequences
(C) Contributory negligence
(D) Absolute liability

79. द वैगन माउन्ड वाद (1961) एस0सी0 388 संबंधित है :
(A) क्षति की दूरस्थता के सिद्धांत से
(B) सीधा परिणाम परीक्षण से
(C) योगदायी उपेक्षा से
(D) पूर्ण दायित्व के सिद्धांत से

prepp
Your Personal Exams Guide

80. The power to grant anticipatory bail under Section 438, Code of Criminal Procedure, 1973 vests with :
(A) The Court of Magistrate
(B) Only, the Court of Sessions
(C) Only, the High Court
(D) Both (B) and (C)

80. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 438 के अधीन अग्रिम जमानत स्वीकृत करने की शक्ति निम्न में से प्राप्त है :
(A) मजिस्ट्रेट के न्यायालय को
(B) केवल सत्र न्यायालय को
(C) केवल उच्च न्यायालय को
(D) दोनों (B) एवं (C)

81. Software can be broadly divided into :
(A) System Software
(B) Application Software
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

81. सॉफ्टवेयर को व्यापक रूप से विभाजित किया जा सकता है :
(A) सिस्टम सॉफ्टवेयर
(B) ऐप्लीकेशन सॉफ्टवेयर
(C) दोनों (A) और (B)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. Number of 'non-permanent' members of Security Council is :
(A) 05
(B) 10
(C) 15
(D) 07

82. सुरक्षा परिषद में 'गैर–स्थायी' सदस्यों की संख्या है :
(A) 05
(B) 10
(C) 15
(D) 07

83. 'Reciprocal promises' has been defined under which section of the Indian Contract Act, 1872 ?
(A) Section 2(a)
(B) Section 2(e)
(C) Section 2(f)
(D) Section 2(g)

83. संविदा अधिनियम, 1872 की किस धारा में 'व्यतिकारी वचनों' को परिभाषित किया गया है ?
(A) धारा–2(क)
(B) धारा–2(ङ)
(C) धारा–2(च)
(D) धारा–2(छ)

84. Which is known as multi-user operating system ?
(A) MS DOS
(B) Windows
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

84. किसे बहु–उपयोगकर्ता ऑपरेटिंग सिस्टम के रूप में जाना जाता है ?
(A) एम.एस. डॉस
(B) विण्डोज
(C) दोनों (A) और (B)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. International Court of Justice started functioning on :
(A) 18th April, 1946 A.D.
(B) 15th September, 1948 A.D.
(C) 10th December, 1948 A.D.
(D) 21st July, 1949 A.D.

85. "इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस" ने कार्य करना प्रारम्भ किया :
(A) 18 अप्रैल, 1946 ई0 को
(B) 15 सितम्बर, 1948 ई0 को
(C) 10 दिसम्बर, 1948 ई0 को
(D) 21 जुलाई, 1949 ई0 को

86. Which one is not a theory of punishment ?
(A) Expiatory Theory
(B) Retaliatory Theory
(C) Relief Theory of Punishment
(D) Reformative Theory

86. निम्न में से कौन–सा दण्ड का एक सिद्धांत नहीं है ?
(A) प्रायश्चित्तार्थ दण्ड सिद्धांत
(B) प्रतिशोधार्थ दण्ड सिद्धांत
(C) दण्ड का अनुतोष सिद्धांत
(D) सुधारार्थ दण्ड सिद्धांत

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

87. NGT has banned the use of non-biodegradable plastic bags less than how many microns in the entire national capital Delhi region ?
(A) 50
(B) 60
(C) 40
(D) 30

87. एन0जी0टी0 ने सम्पूर्ण राजधानी क्षेत्र दिल्ली में कितने माइक्रोन से कम गैर–बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक बैग के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है ?
(A) 50
(B) 60
(C) 40
(D) 30

88. In which case it was held, that Section 9 of Hindu Marriage Act, 1955 is not violative of Article 19(1)(g) ?
(A) M. Narasimha Reddy Vs. M. Boosamma
(B) Basappa Vs. Siddagangamma
(C) Gayatri Bai Vs. Pradeep Kumar
(D) Sumitra Devi Vs. Narender Singh

88. किस वाद में कहा गया कि हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 9, अनुच्छेद 19(1)(छ) का उल्लंघन नहीं करती ?
(A) एम0 नरसिम्हा रेड्डी बनाम एम0 बूसाम्मा
(B) बास्पा बनाम सिडगागंजमा
(C) गायत्री बाई बनाम प्रदीप कुमार
(D) सुमित्रा देवी बनाम नरेन्द्र सिंह

89. Presumption as to dowry death is provided under :
(A) Section 111-A
(B) Section 113-B
(C) Section 113-A
(D) Section 110

89. दहेज मृत्यु के बारे में उपधारणा है :
(A) धारा 111–ए में
(B) धारा 113–बी में
(C) धारा 113–ए में
(D) धारा 110 में

90. Indian Evidence Act, 1872 is applicable to :
(A) Judicial proceeding in Courts
(B) Arbitrator's proceedings
(C) Tribunal proceedings
(D) None of the above

90. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 लागू होता है :
(A) अदालतों में न्यायिक कार्यवाही पर
(B) मध्यस्थ की कार्यवाही पर
(C) ट्रिब्यूनल की कार्यवाही पर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

91. Statement made by a person who is died in relevant under Section 32(1) of the Indian Evidence Act, 1872 :
(A) If it relates to cause of someone else's death
(B) If it relates to cause of his own death or someone else's death
(C) If it relates to cause of his own death
(D) None of the above

91. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा–32(1) के अंतर्गत एक व्यक्ति का कथन जो मर चुका है, सुसंगत है :
(A) यदि वह किसी अन्य व्यक्ति की मृत्यु के कारण के संबंध में है
(B) यदि वह स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति की मृत्यु के कारण के संबंध में है
(C) यदि वह स्वयं की मृत्यु के कारण के संबंध में है
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. Which one of the following has been laid down as basis of responsibility by the rule in Rylands Vs Fletcher (1868) L.R. 3 H.L. 330?
(A) Fault Liability
(B) Conditional Liability
(C) Insurance Liability
(D) Strict Liability

92. रायलैंड्स बनाम फ्लैचर (1868) L.R. 3 H.L. 330 के द्वारा निम्न में से किस एक को उत्तरदायित्व का आधार माना गया है ?
(A) त्रुटि दायित्व
(B) सशर्त दायित्व
(C) बीमा दायित्व
(D) कठोर दायित्व

93. Who characterised Indian Constitution as "a federation with a strong centralising tendency" ?
(A) Jennings
(B) Austin
(C) K.C. Wheare
(D) None of the above

93. किसने भारतीय संविधान को, "एक ऐसा संघ जिसमें केन्द्रीयकरण की सशक्त प्रवृत्ति है" कहा है ?
(A) जेनिंग्स
(B) ऑस्टिन
(C) के0सी0 ह्वियर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. Who is the founder of Chief Justice of the Uttarakhand High Court ?
(A) Justice Irshad Hussain
(B) Justice Rajesh Tandon
(C) Justice M.C. Jain
(D) Justice Ashok A. Desai

94. उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के संस्थापक मुख्य न्यायाधीश कौन हैं ?
(A) न्यायमूर्ति इरशाद हुसैन
(B) न्यायमूर्ति राजेश टंडन
(C) न्यायमूर्ति एम0सी0 जैन
(D) न्यायमूर्ति अशोक ए0 देसाई

95. Which Section of CPC, 1908 provides that every suit shall be instituted by presentation of plaint or in such other manner as may be prescribed ?
(A) Section 9
(B) Section 25
(C) Section 26
(D) Section 24

95. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की कौन सी धारा प्रावधान करती है कि प्रत्येक वाद न्यायालय में वादपत्र प्रस्तुत करके या किसी अन्य निर्धारित तरीके से जो निर्धारित किया जाये, किया जायेगा ?
(A) धारा 9
(B) धारा 25
(C) धारा 26
(D) धारा 24

96. From the following incorrect response is –
Ownership is classified in the following :
(A) Corporeal and Incorporeal ownership
(B) Mediate and Immediate ownership
(C) Sole and Co-ownership
(D) Vested and Contingent ownership

96. निम्नलिखित विकल्पों में से गलत है –
स्वामित्व के वर्गीकरण हैं :
(A) मूर्त और अमूर्त स्वामित्व
(B) मध्यवर्ती और तात्कालिक स्वामित्व
(C) एकल और सहस्वामित्व
(D) निहित और समाश्रित स्वामित्व

97. An additional Sessions Judge may pass sentence :
(A) Any sentence authorised by law
(B) Imprisonment not exceeding 10 years
(C) Imprisonment not exceeding 7 years
(D) Imprisonment not exceeding 3 years

97. अपर सत्र न्यायाधीश प्राधिकृत है :
(A) विधि द्वारा प्राधिकृत कोई भी दण्डावेश
(B) 10 वर्ष से अधिक का कारावास नहीं
(C) 7 वर्ष से अधिक का कारावास नहीं
(D) 3 वर्ष से अधिक का कारावास नहीं

98. The sources of Public International Law is/are :
(A) Customs
(B) Treaties
(C) General Principles of Law
(D) All of the above

98. अन्तर्राष्ट्रीय विधि के स्रोत है/हैं :
(A) रूढ़ियाँ
(B) सविधियाँ
(C) विधि के सामान्य सिद्धान्त
(D) उपर्युक्त सभी

99. Who suggested for the establishment of Judicial Performance Index (JPI) to check delay in finalization of cases in lower judiciary?
(A) Law Commission
(B) NITI Ayog
(C) Parliament
(D) Supreme Court

99. निचली न्यायपालिका में मामलों को अंतिम रूप देने में देरी की जाँच के लिये किसने न्यायपालिका प्रदर्शन सूचकांक (जे0पी0आई0) की स्थापना के लिए सुझाव दिया था ?
(A) विधि आयोग द्वारा
(B) एन0आई0टी0आई0 (नीति) आयोग द्वारा
(C) संसद द्वारा
(D) उच्चतम न्यायालय द्वारा

100. Muta marriage is recognized by which school of Muslim Law ?
(A) The Hanafi School
(B) The Maliki School
(C) The Hanbali School
(D) The Ithna Ashari School

100. मुता विवाह मुस्लिम विधि की किस विचारधारा में मान्य है ?
(A) हनफी पन्थ
(B) मालिकी पन्थ
(C) हनबाली पन्थ
(D) इथना अशारी पन्थ

*****

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Rough Work**
**(रफ कार्य)**

Prepp
Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. कृपया ध्यान रखें कि ओ0एम0आर0 पत्रक में, उचित स्थान पर अनुक्रमांक और प्रश्न पुस्तिका सीरीज A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना चूक या विसंगति के भरने एवं कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में ओ0एम0आर0 पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा
Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the roll number and question booklet series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate place in the OMR Sheet, any omission/discrepancy will render the OMR Sheet liable for rejection.

7. प्रत्येक सही उत्तर के लिये 1.0 अंक दिया जायेगा। गलत उत्तर देने पर **0.25** अंक काटा जायेगा और जिस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं दिया है उसका कोई अंक नहीं दिया जायेगा।
1.0 mark will be given for every correct answer. On giving wrong answer **0.25** mark will be deducted and if question is not attempted by the candidate, no mark will be awarded.

8. यदि हिन्दी एवं अंग्रेजी वर्जन में किसी प्रकार की विसंगति आती है, तो अंग्रेजी वर्जन ही अन्तिम रूप से मान्य होगा।
If there is any mis-match in Hindi & English version, then english version will be finally acceptable.

9. केवल ओ0एम0आर0 पत्रक पर निश्चित उत्तर पर ही चिह्न बनायें। **ओ0एम0आर0 पत्रक तथा प्रश्न–पुस्तिका पर कोई अवांछित चिह्न न बनायें और न ही कहीं पर भी अपना नाम लिखें। यह भी ध्यान रखा जाय कि एक बार अंकित किया गया गोले या चिह्न पर फ्लूड लगाना या रबड़ से मिटाना या अन्य विधि से खुरचना या छिपाने का प्रयास करना पूर्णतः वर्जित है। इस प्रकार की कार्यवाही करने पर ऋणात्मक अंक दिये जायेंगे।**
Make the mark only in the space provided on the OMR Sheet. **Don't make any stray mark or your name on any part of the question booklet and OMR Sheet. It should also be kept in mind that trying to hide any circle by using fluid, erase or scratch in any method is prohibited. Negative marks will be given for such acts.**

10. कच्चा कार्य (Rough work) प्रश्न पुस्तिका में ही किया जाय।
Rough work is to be done in the Question booklet only.


11. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अपने चयनित विकल्प के अनुसार एक ही वृत्त को निम्न प्रकार भरें। एक से अधिक भरे गए वृत्तों व उसमें लगाये गये कोई चिह्न आदि को गलत उत्तर माना जाएगा।
Darken only one circle corresponding to alternative answer that you choose for each question, as darkening of more than one circle shall be treated as wrong answer.
**उदाहरण :** मान लीजिए किसी विषय का प्रश्न संख्या 41 इस प्रकार है :
**Example:** Suppose Q.No. 41 of the subject is as below:

Q.No. 41: What type of mixture is smoke ?
(A) Solid mixed with a gas
(B) Gas mixed with a gas
(C) Liquid mixed with a gas
(D) Gas mixed with a liquid and a solid


धुआँ किस प्रकार का मिश्रण है ?
(A) गैस मिश्रित ठोस
(B) गैस मिश्रित गैस
(C) गैस मिश्रित द्रव
(D) द्रव एवं ठोस मिश्रित गैस

यदि आपके अनुसार इस प्रश्न का सही उत्तर/विकल्प (D) है, तो ओ0एम0आर0 पत्रक में इस अनुभाग से संबंधित विषय–वस्तु कॉलम प्रश्न संख्या 41 के सामने के वृत्त को इस प्रकार भरें।
If you think the correct alternative answer is (D), then fill in the relevant column of the same section of the OMR Sheet as follows:

**सही विधि (Correct Method)**




**गलत विधि (Wrong Method)**



(यदि गलत विधि से भी किसी अन्य गोले में कोई चिह्न लगाया गया है तो सही उत्तर के साथ चिह्न को विधि के अनुसार गलत उत्तर मानते हुए गलत उत्तर की भाँति **0.25** अंक काटा जायेगा।)
(If more than one circle is darken or any impression by the candidate either properly or improperly then **0.25** mark will be deducted for every question.)

12. परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल कैलकुलेटर तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे मोबाइल फोन, पेजर इत्यादि का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है।
Use of electronic/manual calculator or any electronic equipment like mobile phone, pager etc. is not allowed.

**नोट :**

(i) **इस परीक्षा में ऋणात्मक अंक का प्रावधान है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटा जायेगा।**
**There is a provision of NEGATIVE MARKING in this examination. For every wrong answer 0.25 mark will be deducted.**

(ii) **प्रत्येक प्रश्न के दो या दो से अधिक उत्तर देने पर भी ऋणात्मक अंक का प्रावधान है। इसमें भी गलत उत्तर की भांति 0.25 अंक काटा जायेगा।**
**On giving of two or more than two answer for every question, 0.25 mark will be deducted.**

(iii) **इस प्रश्न–पुस्तिका में अपने अनुक्रमांक और कच्चा कार्य (Rough Work) के अतिरिक्त कुछ न लिखें।**
**Do not inscribe anything except the Roll Number and rough work in this question booklet.**

(iv) **परीक्षा समाप्ति के पश्चात ओ.एम.आर. पत्रक को ऊपर छिद्रक के स्थान से मोड़ें फिर धीरे–धीरे फाड़ें। अभ्यर्थी प्रति को अभ्यर्थी अपने साथ ले जायेंगे तथा मूल प्रति व कार्यालय प्रति कक्ष निरीक्षक को उपलब्ध करायेंगे।**
**Fold along perforation, given on the top of OMR Sheet and tear it slowly after examination is over. Candidate will carry candidate's copy and handover the original and office copy of OMR Sheet to the invigilator.**

SEAL